तापमान

अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 30 .0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार, 14 जून 2025



9 हास्य आसन से रोग प्रतिरोधक क्षमता को...





10 डेढ़ माह से एंबुलेंस कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन, लगाई गुहार




## खबर संक्षेप

### जरूरतमंद विधवा पेंशन समारोह 15 को

**सोनीपत।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला सोनीपत मेन इकाई द्वारा रविवार 15 जून को सुबह 10 बजे से अग्रसेन भवन सेक्टर 14 सोनीपत में अग्रवाल समाज की जरूरतमंद विधवाओं को पेंशन देने के लिए 14वा समारोह का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन के चेयरमेन संजय सिंगला, प्रधान अनिल गुप्ता व महामंत्री एडवोकेट अरविंद मित्तल ने बताया कि इस बार 57 महिलाओं को 500 रुपए नगद व 600 रुपए प्रति माह राशन दिया जाएगा।

### नीम करौली बाबा का भंडारा 15 जून को

**सोनीपत।** संकट मोचक हनुमान के अवतार माने जाने वाले नीम करौली बाबा के जन्मोत्सव पर रविवार 15 जून को सिद्धार्थ कॉलोनी दिल्ली रोड सोनीपत में सुबह 10 बजे से ठंडे पानी की छबील व विशाल भंडारे का आयोजन नीम करौली सेवा समिति सोनीपत द्वारा किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष पुनीत जांगड़ा व जिला व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय सिंगला ने बताया कि इस युग में बाबा नीम करौली को भगवान हनुमान का अवतार मानकर उनकी पूजा की जाती है।

### बुजुर्ग व्यक्तियों को निःशुल्क जबड़े प्रदान किए

**गोहाना।** नागरिक अस्पताल गोहाना में शुक्रवार को अभ्युदय जन कल्याण न्यास द्वारा संचालित प्रोजेक्ट मुस्कान के तहत छह बुजुर्गों को निःशुल्क जबड़े प्रदान किए। जबड़े भारत विकास परिषद (भाविप) की गोहाना शाखा के सहयोग से उपलब्ध कराए गए हैं। समाजसेवी रामकुमार मित्तल व सुमित मित्तल ने बुजुर्गों को जबड़े दिए। दंत चिकित्सक डा. राकेश रोहिला ने बताया कि संगठन द्वारा वर्ष 2022 से प्रोजेक्ट मुस्कान के तहत निश्शुल्क जबड़े उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### सड़क दुर्घटना के कारण क्षतिग्रस्त बाइक हुई चोरी

**गन्नौर।** शिकायत में सितामड़ी बिहार के रहने वाले राहुल ने बताया कि वह अभी पानीपत के विकास नगर में रह रहा है। वह अपने भाई की बाइक पर अपने भतीजे सुमन कुमार को कुंडली से वापिस लौट रहा था। एचएसआइआइडीसी बड़ी के गेट के पास अचानक एक कुत्ता उनकी बाइक के सामने आया जिससे उनकी बाइक फिसल गई। वह बाइक मौके पर छोड़ कर अस्पताल इलाज के लिए चले गए। जब वह वापिस लौटे तो उनकी बाइक चोरी हो चुकी थी। थाना बड़ी पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाल संस्कार शिविर 18 से 22 जून तक

**गन्नौर।** भारत विकास परिषद, गन्नौर शाखा द्वारा 18 जून से 22 जून तक लहरी सिंह पार्क में बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में 6 से 15 वर्ष के बच्चों के लिए वैदिक मंत्रोच्चार, भजन, नैतिक शिक्षा, सांस्कृतिक विकास, योग, रचनात्मक अभिव्यक्ति, खेलकूद और समूह चर्चा जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाविप शाखा अध्यक्ष संदीप सिंघल ने बताया कि शिविर का उद्देश्य बच्चों में नैतिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करना है।

### स्टोर के सामने से आर्किटेक्ट की बाइक चोरी

**गन्नौर।** रेलवे रोड स्थित कौशिक आयसर स्टोर के सामने से एक बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने इसकी शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में लड़सौली गांव के रोहित मोर ने बताया कि वह आर्किटेक्ट है। 11 जून को वह अपने दोस्त संदीप से मिलने के लिए बाइक पर गन्नौर आया था।

## आज से मौसम में बदलाव के संकेत, 19 जून से प्री मानसून की उम्मीद

# सीजन का सबसे गर्म दिन शुक्रवार, तापमान 46

### बिजली के अघोषित कटों की संख्या बढ़ने से लोगों को परेशानी, 50 से ज्यादा कट लगे विधायक निखिल मदान रात 2 बजे पहुंचे गुड़मंडी क्षेत्र में समस्या जानने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शुक्रवार को सोनीपत ने इस ग्रीष्मकाल का सबसे गर्म दिन झेला, जब पारा 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। न्यूनतम तापमान भी पहली बार 32 डिग्री तक दर्ज किया गया, जिसने लोगों को दिन-रात राहत से वंचित रखा। दिनभर चली धूलभरी और गर्म हवाओं ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। मौसम विभाग द्वारा एनसीआर क्षेत्र में ऑरेंज अलर्ट पहले ही जारी किया जा चुका है, जिसे शुक्रवार के हालातों ने सही साबित कर दिया। पिछले एक सप्ताह से सूरज की तपिश और लू ने लोगों के लिए सांस लेना तक मुश्किल कर रखा है। सड़कें सुनसान हैं, बाजारों की रौनक कम हो गई है और चिकित्सालयों में गर्मी से संबंधित शिकायतें बढ़ रही हैं। दूसरी ओर भीषण गर्मी के बीच बिजली के अघोषित कटों की संख्या बढ़ने लोगों को परेशानी हो रही है। वीरवार रात बिजली के कई बार लंबे अघोषित कट लगे। इस समस्या से परेशान शहर के लोगों ने बिजली निगम के अधिकारियों व विधायक को कॉल किया। सूचना मिलने पर विधायक निखिल मदान रात 2 बजे मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुरानी कचहरी में खुद टॉर्च जलाकर ट्रांसफार्मर पर अपने सामने फ्यूज लगवाए।

■ गुरुवार को सबसे अधिक बिजली खपत का रिकॉर्ड, शुक्रवार को टूटा




**सोनीपत।** रात 2 बजे मंडी क्षेत्र में बिजली समस्या जानने पहुंचें विधायक निखिल मदान साथ में अन्य।

### एसी का प्रयोग बढ़ा

*गर्मी बढ़ने के साथ बिजली की खपत में इजाफा हो रहा है। एसी का बड़ी संख्या में प्रयोग हो रहा है। उसके मुताबिक अधिकतर लोगों ने लोड नहीं बढ़वा रखा है। जिसकी वजह से ओवरलोडिंग की समस्या हो रही है। 12 जून को सीजन में पहली बार रिकॉर्ड 1.67 करोड़ यूनिट बिजली की खपत दर्ज की गई है।*

***-जीआर तंवर, अधीक्षण अभियंता, बिजली निगम***

### आने वाले दिनों का तापमान पूर्वानुमान

| तिथि | अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान | नमी |
|---|---|---|---|
| 14 जून | 39.0 | 31.0 | 62 |
| 15 जून | 40.0 | 32.0 | 65 |
| 16 जून | 38.0 | 30.0 | 68 |
| 17 जून | 36.0 | 29.0 | 67 |
| 18 जून | 35.0 | 29.0 | 68 |

नोट : तापमान सेल्सियस में और नमी प्रतिशत में दी गई है।

### राहत की उम्मीद जगी

अब राहत की उम्मीद जगी है। मौसम विभाग ने शनिवार से मौसम में बदलाव की संभावना जताई है। उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र में सक्रिय हुए एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ ने हरियाणा के पश्चिमी जिलों में असर दिखाना शुरू कर दिया है। विशेषज्ञों के अनुसार, 18 जून तक मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा, और तापमान में धीरे-धीरे गिरावट आने लगेगी। मौसम विभाग के अनुसार, 15 और 16 जून को कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश भी हो सकती है।

### 19 जून से प्री-मानसूनी हवाओं की दस्तक

*19 जून से प्री-मानसूनी हवाएं हरियाणा में दस्तक दे सकती हैं, जिससे वातावरण में नमी बढ़ेगी और तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की जाएगी। इससे किसानों और आम जनता दोनों को राहत मिलने की संभावना है।*

***-डॉ. प्रेमदीप, मौसम विशेषज्ञ, केवीके जगदीशपुर।***

### रात 2 बजे पहुंचे विधायक निखिल मदान

वीरवार रात बिजली गुल होने की सूचना मिलने पर विधायक निखिल मदान गुड़ मंडी, विशाल नगर, विकास नगर व ककरोई रोड पर पहुंचे। बिजली संबंधी खामियां दूर करवाकर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति शुरू कराई। उन्होंने कनिष्ठ अभियंता अंग्रेज सिंह को आदेश दिए कि दो दिन में रत्न पान वाली गली और सिटी थाने के पास वाली गली में केबल बदलकर 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जाए। विधायक निखिल मदान ने कहा कि वह पूर्व की भांति बिजली निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर शहर का दौरा करेंगे। जिससे भीषण गर्मी में लोड के हिसाब से ट्रांसफार्मर की व्यवस्था कर 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा सके। रोहतक रोड पर पुरानी कचहरी में खाली पड़ी जमीन पर बिजलीघर बनाने का कार्य जल्द सिरे चढ़ाया जाएगा। विस्तृत कार्ययोजना बनाकर पूरे शहर में बिजली आपूर्ति को बेहतर किया जाएगा। मेयर के साथ भाजपा के अग्रसेन मंडल अध्यक्ष नीरज सोनी, मुकेश मित्तल, निपुण जैन, प्रदीप डागर, नरेश शर्मा, पवन, राहुल शर्मा, निखिल दहिया, गौरव कौशिक, कुलदीप वत्स व शुभम शर्मा भी मौजूद रहे।

### 1000 शिकायतें, 1.67 करोड़ यूनिट की खपत

शिकायत केंद्र में ओवरलोडिंग के चलते शुक्रवार शाम पांच बजे तक 1000 शिकायतें दर्ज की गई। इनमें फ्यूज उड़ने, तार टूटने की शिकायतें ज्यादा रही। विभिन्न इलाकों में ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने से बिजली के कट लग रहे है। अघोषित कट लगने के कारण लोगों के पसीने तक नहीं सूख रहे हैं। गर्मी के चलते एक दिन पहले 1.57 करोड़ यूनिट बिजली की खपत दर्ज की गई थी। वहीं, 12 जून को रिकॉर्ड 1.67 करोड़ यूनिट बिजली की खपत हुई है। शुक्रवार को 50 से ज्यादा अघोषित कट लगे हैं।

## जेसीबी से हटवाई टाइल, स्लैब उठवाकर साफ किए गए नाले



**सोनीपत।** नालों की सफाई करवाते हुए मेयर राजीव जैन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम मेयर राजीव जैन के निर्देश पर परशुराम चौक एवं ओल्ड डी सी रोड सिथत दहिया चौक पर जलभराव की समस्या से निपटने के लिए परशुराम चौक के बाहर लगी टाइल को उखड़वाकर नीचे से नालों के स्लैब निकाले गए और फिर नाले की सफाई करवाकर बरसाती पानी की निकासी का प्रबंध किया गया ।

नगर निगम मेयर राजीव जैन ने दो दिन पूर्व मौके पर पंहुचकर नालों की सफाई का जायजा लिया था और देखा कि नालों में बुरी तरह मिटटी फंसी हुई है, नालों के मुंह तक बंद हो चुके हैं, ऐसे हालात में पानी की निकासी कैसे संभव थी। राजीव जैन ने जेसीबी बुलवाई और टाइल को उखड़वाया। राजीव जैन ने बताया कि 5 वर्ष पूर्व परशुराम चौक के निर्माण के समय नाले के स्लैब पर मिट्टी डालकर टाइल बिछा दी गई थी जिस कारण नालों की सफाई संभव नहीं हो पा रही थी। इसी तरह दहिया चौक के हालात थे।

नालों में पूरी मिटटी भरी पड़ी थी और स्लैब बहुत लम्बे थे जिस कारण सफाई नहीं हो पा रही। राजीव जैन ने नालों के स्लैब में नए मैन होल बनाने के निर्देश दिए ताकि मिट्टी निकालने में आसानी हो सके। उन्होंने बताया कि जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित करके समस्या का समाधान खोज कर उन्हें हल करने का प्रयास किया जा रहा है और वह स्वयं लगातार नालों की सफाई का निरीक्षण कर रहे हैं।

## तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से दो मासूम घायल

**खरखौदा।** खांडा रोड स्थित एक भट्ठे के पास तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से दो मासूम घायल हो गए। हादसे में तीन वर्षीय कृष्ण का हाथ बुरी तरह कुचला गया, जिसे डाक्टरों ने काटना पड़ा। जबकि नौ वर्षीय सपना के पैर में गंभीर चोट आई है। उत्तर प्रदेश के जिला शाहजहांपुर के सरईया गांव निवासी उदयवीर वर्तमान में अपने परिवार संग खांडा के लाल भट्ठे पर मजदूरी कर रहा है। उसने बताया कि उसका बेटा कृष्ण और साथ काम करने वाले राजबीर की बेटी सपना नलके से पानी लेने गए थे। तभी मिट्टी भरकर ला रहे तेज रफ्तार हाईवा ने दोनों को टक्कर मार दी। हाईवा का टायर कृष्ण के हाथ के ऊपर से गुजर गया, जिससे हाथ पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सपना को भी पैर में चोट आई। घायल बच्चों को तुरंत पीजीआई रोहतक ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने कृष्ण का हाथ काट दिया। चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत पर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नागरिक अस्पताल में मनाया सर्जन दिवस 18 मरीजों का चिकित्सकों ने किया उपचार

■ कार्यक्रम के तहत लोगों को किया जागरूक, स्वास्थ्य अधिकारी ने किया चिकित्सकों का धन्यवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी व मौजूद अन्य।

जिला नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को विश्व सर्जन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के तहत बाहर से आए चिकित्सकों ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। उसके बाद मरीजों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. ज्योत्सना ने शिरकत की। आयोजित कार्यक्रम के तहत लगाई गई ओपीडी में 18 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। साथ ही लोगों को जागरूक करने का काम किया गया।

कार्यक्रम के तहत जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. ज्योत्सना ने बताया कि विश्व सर्जन दिवस में अस्पताल परिसर में दिवस को 9 जून से लेकर 15 जून तक मनाया जा रहा है। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में मुफ्त सर्जन ओपीडी का आयोजन किया गया। इस शिविर में 18 मरीजों की जांच की गई। इनमें युवा, बच्चे, बुजुर्ग, महिला व पुरुष सभी शामिल रहे।

इस शिविर का उद्देश्य केवल मरीजों को सर्जरी से संबंधित परामर्श लेना और व मरीजों को सर्जरी से संबंधित जानकारी देना है। शिविर के दौरान मरीजों को पेट में गांठ, हर्निया, शरीर में अंदरूनी गांठ से, पथरी से संबंधित सर्जिकल से जुड़ी जानकारी दी। विशेषज्ञों ने उपचार के लिए आए मरीजों को बीमारी से जुड़ी सर्जरी प्रक्रिया जल्द ही शुरू कराए। इसके साथ मरीजों को बीमारी से संबंधित दवाइयां भी लिखी। उन्हें निरंतर दवाइयां देने की सलाह दी। इस मौके पर जिले के प्रतिष्ठित डा. अशीष सहगाई, डा.जीडी शर्मा सहित छह सर्जनों में नागरिक अस्पताल मरीजों की ओपीडी ली। इस दौरान डा. गिन्नी लांबा, डा. संदीप लठवाल, नर्सिंग अधिकारी राजेश, सुमनलता, जिला नर्सिंग प्रधान सुनीता राठी सहित अन्य मौजूद रहे।

## दो पक्षों में हुए झगड़े में बीच-बचाव करने आए युवक से मारपीट

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव राठधाना में दो पक्षों में हो रहे झगड़े में युवक को बीच-बचाव करना महंगा पड़ गया। हमलावरों ने उसे गाड़ी के नीचे कुचलने का प्रयास किया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव राठधना निवासी पवन कुमार ने बताया कि 28 मई की रात वह गांव के ही पवन और जगदीशपुर के हिमांशु के बीच हुए झगड़े की सूचना पर राठधना मोड़ पर पहुंचा था। उसने दोनों को समझाने की कोशिश की। हिमांशु शराब के नशे में था, जिसने गालियां देनी शुरू कर दी और मारपीट करने लगा। जब पवन वहां से जाने लगा तो हिमांशु ने उसकी राह रोक ली और फिर से मारपीट शुरू कर दी।

■ गाड़ी से कुचलने का लगाया आरोप, विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज

## गन्नौर पटवारी कार्यालय में मनमानी

■ लोगों को करना पड़ रहा है इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

सरकारी कार्यालय के निर्धारित समय के बावजूद राजस्व विभाग के कर्मचारियों की मनमानी से आमजन को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। गन्नौर पटवारी कार्यालय में सुबह साढ़े दस बजे तक भी कर्मचारी नहीं पहुंचते, जिससे लोग घंटों इंतजार करते रहते हैं। यह स्थिति कई महीनों से बनी हुई है। सप्ताह में पांच कार्य दिवस निर्धारित होने के बावजूद भी कर्मचारी समय पर कार्यालय नहीं आते और कई बार निर्धारित समय से पहले ही कार्यालय छोड़ देते हैं। आम नागरिक अपने जमीनी कामों को लेकर कार्यालय पहुंचते हैं, लेकिन कर्मचारियों की लेटलतीफी उनके लिए सिरदर्द बन चुकी है। लागों का आरोप है कि प्रशासनिक अधिकारी भी इस लापरवाही की अनदेखी कर रहे हैं, जिससे कर्मचारियों के हौंसले बुलंद हैं। लोगों ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और समय पर कार्यालय पहुंचने के निर्देश जारी करने की मांग की है।




**गन्नौर।** सुबह साढ़े दस बजे पटवारी के कार्यालय में लगा ताला।

### एसडीएम ने एक दिन पहले ही किया था दौरा

एसडीएम प्रवेश कादियान ने बृहस्पतिवार को तहसीलदार के साथ पुराने तहसील कार्यालय में बने विभिन्न पटवारियों के कार्यालय का निरीक्षण किया था। उन्होंने पटवारियों को समय पर पहुंच कर अपना पेंडिंग इंतकालों का निपटान जल्द से जल्द करने के आदेश भी दिए थे। अगले ही दिन पटवारियों ने अपनी मनमानी शुरू कर दी और सुबह साढ़े दस बजे तक भी अधिकतर पटवारियों के कार्योलयों पर ताले जड़े दिखाई दिए।

## पांच दिनों बाद लगाएंगे अग्नि धूना

# एसडीओ कार्यालय के समक्ष दिया धरना

■ खिजरपुर जाट माजरा में जल निकासी की गंभीर समस्या, जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने उठाया विरोध का स्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

खिजरपुर जाट माजरा गांव में जल निकासी की गंभीर समस्या को लेकर जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने शुक्रवार को संजय बड़वासनिया ने पंचायती राज विभाग के एसडीओ सचिन के कार्यालय के समक्ष धरना शुरू कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग ने पहले भी गांव में जल निकासी की व्यवस्था के लिए 60 लाख की लागत से तीन पाउंड सिस्टम तैयार किया था, लेकिन वह पूरी तरह से विफल रहा है। बारिश के मौसम में हालात इतने बदतर हो जाते हैं कि घरों में पानी भर जाता है और तालाबों में कई फुट तक पानी जमा हो जाता है। इससे ग्रामीणों को दुर्गंध, मच्छरों और बीमारियों का सामना करना पड़ता है।



**सोनीपत।** पंचायती विभाग के एसडीओ कार्यालय के सामने धरने पर बैठे जिला पार्षद।

संजय बड़वासनिया ने चेतावनी दी है कि यदि अगले 5 दिनों के भीतर कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, तो वे बीडीपीओ कार्यालय के सामने अग्नि धूना लगाकर धरना देंगे। उन्होंने कहा कि आगामी बारिश से पहले यदि जल निकासी का स्थाई समाधान नहीं किया गया, तो पूरे गांव को एक बार फिर बड़ी मुसीबत झेलनी पड़ेगी।

### एक माह बाद भी जल निकासी नहीं हुआ शुरू

संजय बड़वासनिया ने बताया कि 13 मई को आयोजित जिला परिषद की बैठक के दौरान संजय बड़वासनिया ने बीच बैठक में ही धरना देकर अधिकारियों का ध्यान खींचा था। इसके पश्चात अधिकारियों ने उन्हें शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया था और पंचायती राज विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। लेकिन एक माह बीत जाने के बावजूद जल निकासी का कार्य आरंभ नहीं किया गया।

## खरखौदा क्षेत्र में किए जा रहे अवैध निर्माणों को डीटीपी दस्ते ने किया ध्वस्त



**खरखौदा।** अवैध निर्माण को धराशायी करता बुलडोजर

**खरखौदा।** जिला नगर योजनाकार प्रशासन द्वारा अवैध निर्माण कार्यों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में खरखौदा क्षेत्र में लगभग 23 एकड़ भूमि पर विकसित किया जा रहा 4 अवैध कॉलोनियों के निर्माण पर कार्रवाई करते हुए लगभग 10 एकड़ में बने कच्चे रास्ते व फलाईएस से बनी सडक़ों को ध्वस्त किया गया। डीटीपी अजमेर सिंह ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा कोई भी मूलभूत सुविधा जैसे सडक, पानी, सीवरेज या बिजली प्रदान नहीं की जाती। इससे आपकी मेहनत की कमाई जोखिम में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि प्लॉट खरीदने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि संबंधित कॉलोनी नियमानुसार स्वीकृत है अथवा नहीं। डीटीपी ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी अवैध निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी।





समुद्र मे गहरा गोता लगाने के लिए मगरमच्छ कभी-कभी भारी पत्थर भी निगल लेता है।


उल्लू अपनी गर्दन घुमाकर पीछे की ओर भी देख सकता है। इसकी नजर मनुष्य से सौ गुना तेज होती है।

# छात्र बिना निवेश के पढ़ाई के साथ-साथ कमा सकते हैं पैसा



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज के समय में हर कोई यही चाहता है कि उसके पास एक्ट्रा इनकम हो। स्टूडेंट लाइफ में बिना निवेश के भी पैसे कमाए जा सकते हैं। बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे होते हैं जो अपने पेरेंटस के ऊपर निर्भर नहीं रहना चाहते हैं। वह सोचते हैं कि 12वीं की पढ़ाई के बाद अपने खर्च खुद उठाएं। इसके लिए वह ऑनलाइन पैसे कमाने के तरीके ढूंढते हैं। अगर आप भी उन स्टूडेंट में से एक है तो आज हम आपके लिए कुछ ऐसे ही ऑनलाइन बिजनेस तरीके लेकर आए हैं जिसके जरिए आप घर बैठे ही पैसे कमा सकते हैं। वह भी बिना निवेश किये। ऐसे कई तरीके है जिससे आसानी से पैसा कमाया जा सकता है।

## ट्यूशन क्लासेज

आज के समय में बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे होते हैं जो ऑनलाइन ट्यूशन भी लेते हैं। ऐसे में अगर आप घर बैठे चाहे तो ट्यूशन क्लासेस शुरू कर सकते हैं या फिर ऑफलाइन भी ट्यूशन क्लासेस शुरू कर सकते हैं। उसमें आपको केवल दो से तीन घंटे इन्वेस्ट करने होंगे और आप बच्चों को ट्यूशन पढ़ा सकते हैं। अगर आप छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाते हैं तो आपको अच्छे पैसे भी मिल जाते हैं। ट्यूशन शुरू करने के बहुत सारे फायदे भी होते हैं जैसे कि आपकी खुद की पढ़ाई भी होती रहती है। अगर आप बच्चों को पढ़ाते हैं तो आपको भी कुछ नया सीखने को मिल जाता है और आपके ज्ञान में बढ़ोतरी होती है।



### शेयर मार्केट में निवेश

अगर आप टेक्निकल एनालिसिस और फंडामेंटल एनालिसिस कोर्स की तैयारी कर रहे हैं तो यह आपको शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने में काफी अच्छी मदद कर सकता है। वैसे तो स्टूडेंट के पास लिमिटेड पॉकेट मनी होती है इसमें आप कुछ पैसे इन्वेस्ट कर सकते हैं। अगर आप शुरू शुरू में अच्छी तरह से इन्वेस्ट करना सीख जाते हैं और आपको प्रॉफिट होने लगता है तो आप बड़े शेयर भी खरीद सकते हैं और बड़ा मुनाफा पा सकते हैं।

## ऑनलाइन ट्यूटर

अगर आपके पास खुद की काबिलियत है जैसे की फोटो एडिटिंग, वीडियो एडिटिंग, सिंगिंग, फोटोग्राफी किसी भी चीज का शौक रखते हैं और उसमें काफी अच्छी कला है तो लोगों को सिखा सकते हैं। तो उसे ऑनलाइन ट्यूटर के द्वारा अन्य लोगों को भी सिखाया जा सकता है। इससे आप ऑनलाइन पैसे कमा सकते हैं।

### फ्रीलांसिंग

जब अपनी स्किल से कोई काम करते हैं तो उसे फ्रीलांसिंग कहा जाता है इसके बदले आपको पैसे भी मिलते हैं। फ्रीलांसिंग का मतलब यही होता है कि अपनी स्किल को बेचना और पैसे कमाना। अगर आपके पास कोई भी अच्छी स्किल या काबिलियत है तो आप उसे फ्रीलांसिंग करके बहुत सारे पैसे कमा सकते हैं। इसका मतलब होता है फोटो एडिटिंग, वीडियो एडिटिंग, घोस्ट राइटिंग, डाटा एंट्री, कंटेंट राइटिंग, लोगो मेकर इत्यादि काम करके आप पैसे कमा सकते हैं।

### टेलीग्राम एप से कमाए पैसे

आज के समय में बहुत सारी एप ऐसी है जिनके जरिए आप ऑनलाइन पैसे कमा सकते हैं। टेलीग्राम एप एक शेयरिंग एप है। जहां पर हजारों लोगों का ग्रुप बना सकते हैं और उसे ग्रुप में आप टैक्स वीडियो मूवी लिंक ऑडियो डॉक्यूमेंट कुछ भी शेयर कर सकते हैं। इस शेयर करने के जरिए आप बहुत सारे पैसे कमा सकते हैं। अगर आप टेलीग्राम पर हजारों लोगों को एक बार ग्रुप में ऐड कर लेते हैं और उन्हें कुछ ना कुछ शेयर करते हैं तो इसके जरिए पैसे कमाए जा सकते हैं।

## इन तरीकों से कमाए जा सकते हैं पैसे

### एफिलिएट मार्केटिंग

ऑनलाइन पैसे कमाने के लिए एफिलिएट मार्केटिंग बहुत ही बड़ा प्लेटफार्म है। एफिलिएट मार्केटिंग में आपको केवल किसी कंपनी या प्रोडक्ट या सेवा को आगे प्रमोट करना होता है या सेल करके कमीशन पाना होता है। इसके लिए मार्केटिंग बिल्कुल फ्री में शुरू की जा सकती है और बहुत ही जल्द पैसे कमाए जा सकते हैं। एफिलिएट मार्केटिंग के लिए आपके पास लोगों का ग्रुप होना चाहिए जिन्हें आप प्रोडक्ट शेयर कर सकते हैं। इसके लिए सोशल मीडिया का भी उपयोग किया जा सकता है। इसी के साथ आप एप ब्लॉग या ऑनलाइन विज्ञापन के द्वारा भी अपने प्रोडक्ट को सेल कर सकते हैं।

### ब्लॉगिंग करके पैसे कमाए

आज के समय में बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे हैं जो ब्लॉगिंग करके पैसे कमा रहे हैं। ब्लॉगिंग का मतलब होता है ब्लॉग लिखना। ब्लॉग मतलब आर्टिकल जिन्हें आप ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं। ब्लॉग को आप वेबसाइट भी समझ सकते हैं। जहां से हम सभी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अगर आप भी ब्लॉग लिखना शुरू करना चाहते हैं तो इसके लिए सोशल मीडिया पर आजकल बहुत सारे ग्रुप मिल जाते हैं आप वहां से क्लाइंट ढूंढ सकते हैं और ब्लॉगिंग शुरू कर सकते हैं या अधिक जानकारी आप यूट्यूब से भी ले सकते हैं।

### यूट्यूब से पैसे कमाए

आज के समय में ऑनलाइन पैसे कमाने के लिए यूट्यूब सबसे बड़ा प्लेटफार्म है। अगर आप भी सोच रहे हैं कि आप स्टूडेंट और पैसे कैसे कमाए तो यह आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है। इसमें आप यूट्यूब चैनल शुरू करके अपनी स्किल और जानकारी के आधार पर वीडियो अपलोड कर सकते हैं। यूट्यूब से बहुत सारे पैसे कमाए जा सकते हैं लेकिन इसके लिए आपको 1000 सब्सक्राइबर 4000 घंटे का वॉच टाइम भी चाहिए होता है।

### रेफर एंड अर्न

आप रेफर एंड अर्न प्रोग्राम के जरिए अच्छे खासे पैसे कमा सकते हैं। आजकल बहुत सारी एप भी ऐसी आती है जिनके जरिए आप अपने दोस्तों को रेफर करके पैसे कमा सकते हैं।

### अमेजॉन

स्टूडेंट के लिए अमेजॉन प्लेटफार्म एक बेस्ट ऑप्शन है। यहां पर आप बहुत सारे तरीके से पैसे कमा सकते हैं जैसे कि अमेजॉन ऐप को रेफर करके बहुत सारे कैशबैक कमाए जा सकते हैं।

---

भारत और दुनिया में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में लगातार हो रही बढ़ोतरी

# होटल मैनेजमेंट में बनाएं करियर, अच्छी सैलरी और बेहतर लाइफ की गारंटी

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

हमारे देश का पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है और इसके साथ ही होटल उद्योग के विकास में मांग भी बढ़ रही है। भारत एक लोकप्रिय ट्रेवल डेस्टिनेशन है और इस तरह होटल प्रबंधन का दायरा पहले की तुलना में छात्रों के लिए अधिक स्पष्ट और अधिक फायदेमंद हो गया है। जब स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद साधारण स्नातक (गेजुएशन) करने की बात आती है तो होटल मैनेजमेंट छात्रों की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है। जैसे-जैसे होटल उद्योग लगातार बढ़ रहा है, वैसे-वैसे होटल प्रबंधन पेशेवरों की भी आवश्यकता बढ़ रही है। भारत में हर साल पर्यटन बढ़ने के साथ, पेशेवरों की मांग बढ़ना तय है, जिससे इस कोर्स को करने वाले छात्रों को प्रसिद्ध कंपनियों में प्लेसमेंट का एक बड़ा मौका मिलेगा।

## कंपनियों में प्लेसमेंट का अच्छा मौका



### क्या है होटल मैनेजमेंट

हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में जाने का इच्छुक व्यक्ति होटल मैनेजमेंट को स्नातक डिग्री के रूप में चुन सकता है। इस फील्ड में ग्लैमर और लग्जरी के कारण, हर साल अधिक से अधिक छात्र इस नौकरी की ओर आकर्षित होते हैं।

### क्या है होटल प्रबंधन पाठ्यक्रम

होटल प्रबंधन पाठ्यक्रम आपको होटल या हॉस्पिटैलिटी सर्विस के विभिन्न पहलुओं जैसे सेल्स एंड मार्केटिंग, फूड एंड बेवरेज, फ्रंट ऑफिस, अकाउंटिंग, फूड प्रोडक्शन, हाउसकीपिंग और कई किचन स्किल को कवर करने में मदद करेगा। भारत में कई सरकारी और निजी कॉलेज होटल मैनेजमेंट में डिग्री और डिप्लोमा कोर्स कराते हैं, जो बहुत सारे छात्रों के लिए एक आकर्षक और रोमांचक पाठ्यक्रम बन गया है।

### टॉप यूनिवर्सिटीज

- इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग एंड न्यूट्रिशंस, पूसा
- आईएचएम मुंबई
- वेलकमग्रुप ग्रेजुएट स्कूल ऑफ होटल एडमिनिस्ट्रेशन, मणिपाल
- आईएचएम हैदराबाद
- एआईएचएमसीटी, बेंगलुरु
- बनारसीदास चांदीवाला इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, दिल्ली
- दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली

### करियर की संभावनाएं

*हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में संचालन, फूड एंड बेवरेज, फ्रंट ऑफिस, अकाउंटिंग, सिक्युरिटी आदि जैसे कई विभाग हैं, इसलिए आप अपना पसंदीदा विभाग चुन सकते हैं और विभिन्न नौकरियों के लिए आवेदन कर सकते हैं। होटल मैनेजमेंट में संभावनाएं -*

- होटल्स एंड टूरिज्म एसोसिएशन
- क्लब / रेस्टोरेंट मैनेजमेंट
- क्रूज शिप होटल मैनेजमेंट
- एयरलाइन कैटरिंग एंड केबिन सर्विस
- होटल्स में किचन मैनेजमेंट
- होटल, रिजॉर्ट्स में फ्रंट ऑफिस मैनेजमेंट
- इंडियन नेवी में हॉस्पिटैलिटी सर्विस

### शैक्षणिक योग्यता

होटल मैनेजमेंट के डिग्री या डिप्लोमा कोर्स को चुनने के लिए आवश्यक न्यूनतम योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त स्कूल या संस्थान से कक्षा 10+2 उत्तीर्ण है। होटल प्रबंधन के किसी भी विशिष्ट क्षेत्र में विशेषज्ञता के लिए आप 12 वीं कक्षा पास करने के बाद सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। स्नातकोत्तर का चयन करने के लिए, आपको किसी भी मान्यता प्राप्त होटल प्रबंधन विश्वविद्यालय से स्नातक होना जरूरी है। होटल प्रबंधन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति में विवादों और आलोचनाओं को धैर्य से संभालने की क्षमता होनी जरूरी है। उम्मीदवार को अतिथि के प्रति हर स्थिति में विनम्र और सहयोगी होना जरूरी है।

### ऐसे करें आवेदन

आप होटल प्रबंधन कॉलेज के लिए किसी खास कॉलेज के आवेदन पत्र को भरकर या उसके लिए राष्ट्रीय / राज्य स्तर की प्रवेश परीक्षा देकर आवेदन कर सकते हैं। कई विश्वविद्यालय होटल प्रबंधन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अपनी स्वयं की प्रवेश परीक्षा आयोजित करते हैं।

#### प्रवेश परीक्षाएं

- नेशनल लेवल एंट्रेंस-
- एनसीएचएम जेईई
- एआईएमए यूजीएटी

**सैलरी :** स्नातक स्तर की पढ़ाई के बाद नौकरी का विकल्प चुनने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए ट्रेनिंग के दौरान प्रारंभिक वेतन 10,000- 13,000 रुपए के बीच होता है। इसके बाद आपके प्रदर्शन के अनुसार वेतन में वृद्धि होना तय है।

#### स्टेट लेवल एंट्रेंस

- यूपीएसईई बीएचएमसीटी (उत्तर प्रदेश)
- एमएएच सीईटी एचएम (महाराष्ट्र)
- डब्ल्यूबीजेईई एचएम (पश्चिम बंगाल)
- यूनिवर्सिटी लेवल एंट्रेंस
- पीयूटीएचएटी (पंजाब विश्वविद्यालय)
- सीयूईटी (क्राइस्ट यूनिवर्सिटी)
- आईपीयू सीईटी (गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय)

## होटल मैनेजमेंट में शेफ की नौकरी एक शानदार विकल्प



10+2 करने के बाद हर स्टूडेंट एक ऐसा कोर्स प्रोफेशनल कोर्स करना चाहता है, जो उसे अच्छी सैलरी वाली नौकरी जल्द से जल्द दिला दे। होटल व रेस्टोरेंट में शेफ की नौकरी एक अच्छा विकल्प हो सकती है। आजकल हमें कही भी जाना हो तो हम रहने के लिए सबसे पहले होटल ढूढते है होटलो के बढते कारोबर ने इसमें रोजगार के कई अवसर खोल दिये है। यदि आप नई नई रेसिपी बनाने में दिलचस्पी रखते हैं। तो आपके लिये शेफ बनना फायदेमंद सौदा हो सकता है। पिछले कुछ सालों से लगातार होटलों और रेस्टोरेंट की सख्या बढ़ी है। बड़े शहरों के बाद अब छोटे शहरों में भी रेस्टोरेंट खुले हैं जिससे इस इंडस्ट्री में हुनरमंद प्रोफेशनल्स की मांग भी बढ़ी है। किसी भी बड़े होटल में एक शेफ का रूतवा किसी बड़े अधिकारी से कम नही होता है. उसके अंडर में एक पूरी टीम काम करती है जो खाना बनाने के अलग-अलग डिपार्टमेंट संभालती है अगर आप भी उन लोगों में से है जो किचन में मजबूरी नही शौक से जाते है तो आपका इस फील्ड में स्वागत है । कोई भी व्यक्ति होटल में शेफ बन कर अच्छी सैलरी वाली नौकरी आसानी से हासिल कर सकता है।

### होटल में शेफ कैसे बने

यदि आप होटल इंडस्ट्री में शेफ बनना चाहते हैं, तो आपको शेफ कैसे बने की पूरी जानकारी होनी बहुत जरूरी हैं शेफ बनने के लिये आपको होस्पिटेलिटी मैनेजमेंट कोर्स करना जरूरी होता है। शेफ बनना भी होटल मैनेजमेंट का ही एक हिस्सा है। इस फिल्ड में आने के लिए होटल मैनेजमेंट का कोर्स होता है जो 12वीं के बाद किया जा सकता हैं। इस फिल्ड में कई कोर्स उपलब्ध है जैसे डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स. इनमें से कोई भी कोर्स आप अपने एजुकेशन के हिसाब से चुन सकते है। होटल मैनेजमेंट के कोर्स के दौरान स्टूडेंटस कई सारी चीजें करना सीखते हैं। शेफ, फ्रंट ऑफिस मैनेजमेंट, बार टेंडर हाउसकीपिंग आदि चीजें भी इस कोर्स के अंतर्गत सिखाई जाती हैं।

### जरूरी योग्यताएं

शेफ बनने के लिये इच्छुक लोगों का क्रियेटिव होना बहुत जरूरी है। विदेशी कुजिन्स की जानकारी होना बहुत जरूरी है। कम से कम सामग्री से ज्यादा से ज्यादा रेसिपी बनाने में महारत हासिल हो। खाना बनाना और भोजन परोसने की कला को अच्छी तरह समझने वाला व्यक्ति ही शेफ बन सकता है। शेफ कोर्स करने के लिये आपका शारीरिक रूप से फिट होना बेहद जरूरी है। क्योंकि एक शेफ को अपना अधिकतर काम खड़े होकर ही करना पड़ता है। शेफ को यह पता होना चाहिए कि पाचन प्रणाली किस प्रकार काम करती है। पाचन प्रणाली पर भोजन में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स की जानकारी होना जरूरी है। विदेशी भोजन के बारे में अच्छी जानकारी होना बहुत जरूरी है।

---

# दिल की सुनो: अपने पसंदीदा विषय को चुनें और उसी में बनाएं करियर



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

जीवन में करियर का चुनाव एक ऐसा निर्णय है जो न केवल आपके भविष्य को आकार देता है, बल्कि आपकी खुशी और संतुष्टि को भी प्रभावित करता है। अक्सर देखा जाता है कि छात्र समाज, परिवार या दोस्तों के दबाव में आकर ऐसे करियर विकल्प चुन लेते हैं जो उनके दिल के करीब नहीं होते। लेकिन सच्चाई यह है कि सबसे अच्छा करियर वही है जो आपको सुकून दे, जो आपके जुनून को जगाए और जिसमें काम करना आपको बोझ न लगे। इस लेख में, हम बात करेंगे कि क्यों आपको अपने पसंदीदा विषय को चुनना चाहिए और कुछ रोमांचक करियर विकल्पों के बारे में भी जानेंगे। हर इंसान में कुछ खास होता है, और हर छात्र का एक ऐसा विषय या क्षेत्र होता है जिसमें वह स्वाभाविक रूप से रुचि रखता है। हो सकता है आपको गणित के सूत्र हल करना पसंद हो, या फिर साहित्य की गहराइयों में डूबना आपको सुकून देता हो।

## जो काम पसंद हो, वह बोझ नहीं लगता

हो सकता है आप प्रकृति के रहस्यों को समझने के लिए उत्सुक हों या फिर कला और रचनात्मकता में खो जाना चाहते हों। यह आपका जुनून है, और यही वह चिंगारी है जो आपको एक सफल और खुशहाल करियर की ओर ले जा सकती है। जब आप वह चुनते हैं जो आपको सचमुच पसंद है, तो काम करना एक बोझ नहीं, बल्कि आनंद का स्रोत बन जाता है। आप अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं, क्योंकि आप उसमें पूरी मेहनत और लगन से काम करते हैं। इसके विपरीत, अगर आप समाज या माता-पिता के दबाव में आकर डॉक्टर, इंजीनियर या कोई अन्य पारंपरिक करियर चुन लेते हैं, जिसमें आपकी रुचि नहीं है, तो आप लंबे समय तक खुश नहीं रह पाएंगे। भारतीय समाज में अक्सर कुछ करियर विकल्पों को ही "सुरक्षित" और "प्रतिष्ठित" माना जाता है। माता-पिता का यह डर स्वाभाविक है कि उनके बच्चे को एक स्थिर और सम्मानजनक भविष्य मिले। लेकिन यह समझना महत्वपूर्ण है कि आज के दौर में अवसरों की कमी नहीं है। तकनीक, कला, पर्यावरण, खेल, और कई अन्य क्षेत्रों में करियर की संभावनाएं पहले से कहीं ज्यादा हैं। अपने माता-पिता से खुलकर बात करें। उन्हें बताएं कि आपका जुनून क्या है और उसमें करियर बनाकर आप कैसे सफल हो सकते हैं। उदाहरण देकर उन्हें समझाएं कि आज के समय में हर क्षेत्र में अवसर हैं।

**विज्ञान :** अगर आपको जीव विज्ञान पसंद है, तो आप डॉक्टर, बायोटेक्नोलॉजिस्ट, पर्यावरण वैज्ञानिक, या वन्यजीव विशेषज्ञ बन सकते हैं। भौतिकी या रसायन विज्ञान में रुचि है? आप रिसर्च साइंटिस्ट, डेटा साइंटिस्ट, या स्पेस साइंटिस्ट के रूप में करियर बना सकते हैं। तकनीक में रुचि है? आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, या साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्र आपके लिए हैं।

**गणित :** गणित के शौकीनों के लिए डेटा एनालिस्ट, एक्ट्यूएरी (बीमा गणितज्ञ), क्रिप्टोग्राफर, या फाइनेंशियल एनालिस्ट जैसे करियर बेहतरीन विकल्प हैं। आप गणित शिक्षक बनकर अगली पीढ़ी को प्रेरित भी कर सकते हैं।

**साहित्य और भाषा:** अगर आपको कहानियां लिखना या पढ़ना पसंद है, तो आप लेखक, पत्रकार, कंटेंट क्रिएटर, या अनुवादक बन सकते हैं। साहित्य में रुचि आपको स्क्रिप्ट राइटर, कॉपीराइटर, या साहित्यिक समीक्षक जैसे रचनात्मक करियर की ओर ले जा सकती है।

### कला और रचनात्मकता

कला, संगीत, या डांस में रुचि है? आप ग्राफिक डिजाइनर, एनिमेटर, म्यूजिक कंपोजर, या कोरियोग्राफर बन सकते हैं। फैशन डिजाइन, इंटीरियर डिजाइन, या फोटोग्राफी जैसे क्षेत्र भी रचनात्मक दिमाग वालों के लिए बेहतरीन हैं।

**खेल और फिटनेस :** अगर खेल आपका जुनून है, तो आप प्रोफेशनल एथलीट, स्पोर्ट्स कोच, फिटनेस ट्रेनर, या स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट बन सकते हैं। ई-स्पोर्ट्स और गेमिंग भी आज के समय में एक उभरता हुआ करियर विकल्प है।

**सामाजिक विज्ञान :** इतिहास, भूगोल, या समाजशास्त्र में रुचि है? आप पुरातत्वविद, भूगोलवेत्ता, या सामाजिक कार्यकर्ता बन सकते हैं। मनोविज्ञान में रुचि है? आप काउंसलर, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, या एचआर प्रोफेशनल के रूप में काम कर सकते हैं।

**तकनीक और नवाचार :** कोडिंग और तकनीक में रुचि है? सॉफ्टवेयर डेवलपर, गेम डेवलपर, या एथिकल हैकर बनने का सोचें। स्टार्टअप शुरू करके अपने आइडिया को हकीकत में बदल सकते हैं।

**खुशी ही असली सफलता है :** याद रखें, करियर का मतलब केवल पैसा कमाना नहीं है। असली सफलता तब मिलती है जब आप सुबह उठकर अपने काम के लिए उत्साहित हों। जब आप अपने पसंदीदा क्षेत्र में काम करते हैं, तो मेहनत करना आसान हो जाता है, और सफलता अपने आप आपके कदम चूमती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** जीवन बीमा निगम की कौन सी पालिसी विशेषतः बच्चों के हितार्थ नही है।
(ए) जीवन किशोर
(बी) जीवन सुकन्या
(सी) जीवना छाया
(डी) जीवन सुरक्षा

**2.** बीमा वियामक एवं विकास प्राधिकरण का मुख्यालया कहाँ है।
(ए) नई दिल्ली में
(बी) हैदराबाद
(सी) अहमदाबाद
(डी) चेन्नई

**3.** आर.एन.मल्होत्रा समिति ने किस क्षेत्र से सम्बन्धित सुधारों के लिए रिपोर्ट प्रस्तुत की थी।
(ए) बीमार उद्योग
(बी) कर सुधार
(सी) बीमा क्षेत्र
(डी) बैंकिंग क्षेत्र

**4.** भारतीय स्टॉक बाजार का विनियमन और पर्यवेक्षण किसके द्वारा किया जाता है।
(ए) आरबीआई
(बी) यूटीआई
(सी) आईसीआईसीआई बैंक
(डी) सेबी

**5.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड की स्थापना कब की गई थी।
(ए) 1988में
(बी) 1992 में
(सी) 1993में
(डी) 2002 में

**6.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड को किस एक अध्यादेश द्वारा वैधानिक दर्जा प्रदान किया गया।
(ए) 1988ई0
(बी) 1990ई0
(सी) 1992ई0
(डी) 1993ई0

**7.** सेबी के कार्यों में सम्मिलित है
(ए) स्टॉक एक्सचेंज के कार्यों की विनियमित करना।
(बी) शेयर बाजार से सम्बन्धित अनुचित एवं धोखाधड़ी से परिपूर्ण व्यापारिक कार्यों पर रोक लगाना
(सी) प्रतिभूतियों के अन्तरंग व्यापार को नियंत्रित करना
(डी) उपर्युक्त में से सभी

उत्तर 1.(डी) 2.(बी) 3.(सी) 4.(डी) 5.(ए) 6.(सी) 7.(डी)

## खबर संक्षेप

### गाड़ी हटाने के बहाने स्कार्पियो लेकर फरार

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र स्थित होटल ब्राउन स्टोन के बाहर से गाड़ी लेकर फरार होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोपित के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। शिव कॉलोनी सोनीपत निवासी प्रिंस ने बताया कि वह आठ जून की रात करीब 10 बजे होटल ब्राउन स्टोन में अपने जानकार से मिलने गया था। वहां कंसाला का अंकित भी मौजूद था।

### सबमर्सिबल की तार व सोलर चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव ककरोई में किसान के खेत से सबमर्सिबल की तार व सोलर के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोर की तलाश के प्रयास कर रही है। गांव ककरोई निवासी योगेश ने बताया कि उसने प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत खेत में सोलर लगाया हुआ है। गत नौ जून की रात को उसके खेत से 10 एचपी एसी सोलर कनेक्शन की तार चोरी हो गई है।

### कमरा दिलाने का झांसा देकर फैक्ट्री कर्मी से लूट

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र स्थित गुप्ता मार्केट में फैक्ट्री कर्मी को किराए का कमरा दिलाने का झांसा देकर रुपये व मोबाइल फोन छीनने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर दो युवकों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। बलिया उत्तर प्रदेश निवासी सोनू ने बताया कि वह नौकरी की तलाश में गत 26 मई को कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में आया था।

### पंचायत उप-चुनाव को लेकर लगाई धारा-163

**सोनीपत।** जिलाधीश डॉ. मनोज कुमार ने 15 जून को होने वाले पंचायत उप-चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने तथा मतदान केंद्रों के आसपास कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 लगाने के आदेश जारी किए है। उन्होंने अपने आदेशों में कहा कि 15 जून को कथूरा ब्लॉक के गांव छिछड़ाना तथा गोहाना ब्लॉक के गांव जोली में सरपंच पद के लिए तथा गन्नौर ब्लॉक के गांव पांची जाटान में वार्ड नंबर-4 के पंच पद के लिए उप-चुनाव होगा।

### सुमित राणा बने जजपा के राष्ट्रीय सचिव

**सोनीपत।** जजपा अपने संगठन विस्तार को लेकर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में पदाधिकारियों की नई सूची जारी की हरियाणा सरकार में चैयरमैन रहे युवा नेता सुमित राणा को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है। इससे पहले राणा युवा जिलाध्यक्ष, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रदेश प्रभारी, राष्ट्रीय टीवी पेनलिस्ट और प्रवक्ता के दायित्व पर रह चुके हैं। जब दुष्यंत चौटाला प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री बने थे तब दुष्यंत चौटाला ने सुमित राणा को बीज विकास निगम का चैयरमैन नियुक्त किया था।

---

#### अंबाला-दिल्ली रेलमार्ग पर ऊंचाहार एक्सप्रेस में हुई थी वारदात

# ट्रेन में सफर कर रहे सगे भाइयों पर हमला करने के आरोपी गिरफ्तार

### रेलगाड़ी की गति कम होने पर बदमाश कूदकर हो गए थे फरार

**पुलिस ने आरोपितो के पास से लूटी राशि बरामद, पुलिस ने आरोपितो को अदालत में किया पेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


सोनीपत। गिरफ्तार आरोपित पुलिस टीम के साथ। फोटो :हरिभूमि

अंबाला-दिल्ली रेलमार्ग पर ऊंचाहार एक्सप्रेस में सफर कर रहे सगे भाइयों पर धारदार हथियार से हमला कर नकदी लूटने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित समीपाल उर्फ दीपक सलारू निवासी जम्मू कश्मीर के बुढ़ा ब्राह्मणान हॉल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेक्टर-23, राजकुमार उर्फ राजू निवासी नराव हाल में गोल मार्केट गोहाना व यशपाल निवासी कैथल हाल में कालूपुर का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपितो के पास से चार हजार रुपये की राशि भी बरामद की है। गांव सराय दिनो रायबरेली यूपी निवासी रोहित ने बताया कि वह अपने भाई मोनू के साथ 24 मई को जींद से पानीपत रेलवे स्टेशन पर आए थे। वहां से ऊंचाहार एक्सप्रेस की सामान्य बोगी में दिल्ली के लिए सफर कर रहे थे। रात करीब साढ़े आठ बजे ट्रेन सोनीपत स्टेशन पर रुकने के बाद चली तो छह युवक ट्रेन में सवार हुए थे। उन्होंने अंदर आते ही मारपीट करना शुरू कर दिया था। उनके बड़े भाई बचाव में आए थे तो उन्हें गिराकर पीटा था। उनके भाई की जेब से 16 हजार रुपये लूट लिए थे। ट्रेन की गति कम होने पर बदमाश कूदकर भाग गए थे। उन्हें अस्पताल में उपचार दिया गया था। पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में एसआई महाबीर सिंह की टीम ने कार्रवाई करते हुए गैंग के सरगना समेत तीन आरोपितो को गिरफ्तार कर लिया है आरोपित सलारू से 1700 रुपये, राजकुमार से 1100 रुपये व यशपाल से 1200 रुपये बरामद किए है।

#### गैंग लीडर पर कई संगीन मुकदमे

महाबीर सिंह ने बताया कि मामले में गिरफ्तार गैंग लीडर सलारू पर पहले भी दिल्ली, पंजाब व हरियाणा में लूट, डकैती, हत्या व हत्या की कोशिश के मामले दर्ज रहे हैं। आरोपित नशे के आदी हैं और नशे के लिए ही इस तरह की वारदात को अंजाम देते हैं। गिरफ्तार आरोपितो ने वारदात में प्रयुक्त चाकू को फेंक दिया था। उसे बरामद नहीं किया जा सका।

---

# विमान हादसे में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

- शहीद स्मारक में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना


गोहाना। हादसे का शिकार लोगों की आत्मिक शांति कामना करते नागरिक।

अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए लोगों की आत्मिक शांति के लिए शुक्रवार को गोहाना में शहीद स्मारक में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। यह समारोह आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित हुआ जिसमें नागरिकों ने हादसे का शिकार हुए लोगों को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी। समारोह की अध्यक्षता मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। मोर्चा के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने कहा कि अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के विमान के क्रैश होने की घटना अति दुखदाई है। इस घटना में 241 यात्री हादसे का शिकार हो गए। समारोह में नागरिकों ने दो मिनट का मौन धारण रखकर मृतकों की आत्मिक शांति की कामना की। इस अवसर हर भगवान चोपड़ा, मदनलाल अत्री, सुभाष शर्मा, रमेश सेन, बुटाराम, जोगिंदर, ईश्वर सिंह, राजेश बाजवान व सतवीर पौडिय़ा उपस्थित रहे।


सोनीपत। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं अन्य भाजपा नेता मौन रखे हुए।

#### दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की

**सोनीपत।** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा ने अपने कार्यालय पर आज एक शोकसभा आयोजित कर अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोकसभा में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर जसबीर दोदवा ने कहा कि यह हादसा अत्यंत हृदयविदारक है और देशभर में शोक की लहर है। उन्होंने कहा कि हम शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करते हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे इस दुख की घड़ी में उन्हें शक्ति प्रदान करें। शोकसभा में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं सहित कई सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया और हादसे में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए मौन धारण किया। इस मौके पर नरेंद्र मलिक, सुरेंद्र बाल्यान, साहिल बाल्यान, बलवान रहमाना आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### प्री-पीएचडी कोर्स परीक्षाओं का परिणाम घोषित किया

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां में 28 मई को संपन्न हुई प्री-पीएचडी कोर्स की परीक्षाओं का परिणाम मात्र 15 दिन में घोषित कर दिया गया। विवि की कुलपति प्रो. सुदेश के अनुसार रिकॉर्ड समय में परिणाम घोषित करना हमारे शैक्षणिक उत्कृष्ट तकनीकी और छात्र कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रो. सुदेश ने कहा कि समय पर परिणाम घोषित करने से न केवल छात्राओं का शैक्षणिक तनाव कम हुआ है अपितु ये हमारे अकादमिक प्रशासन में नए मानकों को अपनाने की तत्परता का भी प्रमाण है। विवि छात्र केंद्रित नीतियों को प्राथमिकता देने के सतत प्रयासों के अनुरूप कार्य कर रहा है। विवि परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने बताया कि विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं अभी जारी हैं। परीक्षाएं खत्म होने के बाद शीघ्र ही ये परिणाम भी घोषित किए जाएंगे। डॉ. संदीप दहिया ने कहा कि परीक्षाओं के शीघ्र परिणाम घोषित होने से छात्राओं को अपने आगमी शैक्षणिक कार्यक्रम, इंटर्नशिप और कॅरियर विकल्पों की योजना बनाने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा।

---

# कैडेट्स ने पर्यावरण संरक्षण को बनाया अपने जीवन का हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हिंदू गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत की एनसीसी कैडेट्स ने भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए 'मिशन लाइफ–लाइफस्टाल फॉर इन्वायरमेंट' अभियान को अपनाते हुए पर्यावरण संरक्षण को अपने जीवनशैली में आत्मसात कर लिया है। कॉलेज की एनसीसी कैडेट्स ने अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे किंतु प्रभावशाली कार्यों के माध्यम से पर्यावरण के प्रति समर्पण का परिचय दिया है। कैडेट्स न केवल साइकिल का उपयोग कर प्रदूषण मुक्त यातायात को बढ़ावा दे रही हैं, बल्कि जरूरत न होने पर विद्युत उपकरणों को बंद कर ऊर्जा संरक्षण भी सुनिश्चित कर रही हैं। इसके अतिरिक्त, आवारा गायों और पशुओं को चारा देना, पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था, पौधों को नियमित जल देना, तथा नए पौधे लगाना जैसे कार्य भी पूरे समर्पण भाव से किए जा रहे हैं। कॉलेज की


सोनीपत। गोमाता को चारा खिलाते हिंदू गर्ल्स कॉलेज की एनसीसी कैडेट।

प्राचार्या डॉ. विपाशा अग्रवाल ने एनसीसी कैडेट्स को शुभकामनाएं दी। कॉलेज की एसोसिएट एनसीसी अधिकारी कैप्टन नीतू नसीयर बताया कि, "मिशन लाइफ केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सोच है 'पर्यावरण के लिए जीने' की सोच। इन गतिविधियों में कैडेट ऋतिका, भूमिका, पिंकी, मधु एवं सोनिया विशेष रूप से सक्रिय योगदान दे रही हैं।

---

# हास्य आसन से रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा: सुरेश

### जींद रोड स्थित नगर परिषद पार्क में तीसरे दिन किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना


गोहाना। साधकों को योग क्रियाओं का अभ्यास करवाते योग प्रशिक्षक।

पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में शहर में जींद रोड स्थित नगर परिषद पार्क में आयोजित पांच दिवसीय शिविर के तीसरे दिन शुक्रवार को योग साधकों ने विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया। शिविर में मुख्य योग प्रशिक्षक सुरेश पांचाल के साथ सह योग प्रशिक्षक सुभाष सहरावत व मुकेश सैनी ने योग साधकों को योगाभ्यास करवाया। शिविर की अध्यक्षता समिति प्रभारी पंकज जैन ने की। संयुक्त संयोजन डॉ. नरेश मलिक व विजय चौहान का रहा। मंच संचालन योगाचार्य डॉ. सुरेश सैनी ने किया। शिविर में सुरेश पांचाल की टीम ने हाथ और पैरों को स्वस्थ रखने वाले आसन, सर्वाइकल, कमर दर्द, घुटना दर्द व थायराइड में लाभ देने वाले आसनों का अभ्यास करवाया। पांचाल ने कहा कि हंसना भी एक योग है। हास्य आसन का अभ्यास करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।। यह ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करता है। हास्य एक गहरी सांस लेने का व्यायाम है जो फेफड़ों की क्षमता को बढ़ाता है। शिविर में योग प्रशिक्षक सुभाष सहरावत ने एक्यूप्रेशर विधि द्वारा रोगों को ठीक करने के टिप्स दिए।

#### ये रहे मौजूद

शिविर में हरीश कुमार गिरोत्रा, ओम प्रकाश जैन, हरीश चुघ राजेश गाबा, प्राची गोयल, किशोर कुमार तिवारी, पूर्व पार्षद जगबीर पांचाल, किताब सिंह देशवाल, रिटायर्ड सूबेदार सतबीर सिंह, राजेंद्र प्रसाद रोहिल्ला, रजनी बक्कर, श्वेता मेहरा, राजरानी, शशि तनेजा व सुनीता देवी ने योगाभ्यास किया।

---


गोहाना। समारोह में प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक प्रशिक्षकों के साथ। फोटो :हरिभूमि

#### प्रशिक्षु शिक्षकों को प्रमाण पत्र सौंपे

**गोहाना।** गांव खन्दराई स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में निपुण हरियाणा मिशन के तहत चल रहे पांच दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। यह शिविर 9 जून से शुरू हुआ था। खंड संसाधन समन्वयक राजकुमार पंघाल व विद्यालय के प्राचार्य लवल किशोर द्वारा प्रशिक्षु अध्यापकों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। डाइट बीसवां मील सोनीपत से जीव विज्ञान के प्रवक्ता सुनील शर्मा और राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता सोमराज ने शिविर का अवलोकन करने पहुंचे। इस पांच दिवसीय शिविर में प्राइमरी अध्यापकों को बच्चों की शिक्षा संबंधी आधारभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के संदर्भ में प्रशिक्षण दिया गया। राजकुमार पंघाल ने कहा कि शिविर में हासिल निपुण दक्षताओं को शिक्षक अपनी कक्षा में कार्यान्वित करते हुए निपुण लक्षण को प्राप्त करेंगे ताकि हमारे हरियाणा के सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। शिविर में जयपाल लाठर का विशेष योगदान रहा।

---

# सोनीपतः हरिदत्त, मीनू, नीरू, रजनी दीपिका और सुरेखा बने स्टार टीचर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राजकीय वमावि गढ़ी ब्राह्मणान के अंतर्गत चल रहे अंतर जिला प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण कैंप के अंतिम दिन विषय अंग्रेजी के बारे में मुख्य प्रशिक्षक के द्वारा जानकारी दी गई। दोपहर बाद समापन समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी सोनीपत सूरजभान, डायट से अनिल मलिक, कार्यक्रम नोडल अधिकारी अतुल कुमार, जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर मनोज वर्मा ने शिरकत दी। समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। पांच दिवसीय


सोनीपत। प्रतिभागी अध्यापकों को सम्मानित करते हुए शिक्षा अधिकारी।

कैंप का शिक्षकों ने फीडबैक भी दिया। 126 प्राथमिक शिक्षकों का प्रशिक्षण आज पूरा हुआ जिसमें मोनिका दहिया, सुनीता रोहिल्ला, संगीता, मंजू, अंजू, ममता, मनोज कुंडू, स्नेह लता ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में भूमिका निभाई। सुनील सरोहा और हरेंद्र ने संपूर्ण कैंप की व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया। समापन समारोह में शिक्षकों द्वारा केआरपी को भेंट स्वरूप समृद्धि चिन्ह दिए गए। साथ ही प्रशिक्षण कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों हरिदत्त, मीनू ,नीरू, रजनी, दीपिका, सुरेखा को स्टार टीचर के सम्मान से नवाजा गया।

---


सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मौजूद संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

#### टीबी मरीजों को दिया पौष्टिक आहार

सोनीपत। प्रधानमंत्री नरेंद्र सिंह मोदी की टीबी मुक्त भारत की मुहीम के तहत शुक्रवार को तेरा दिया तुझको अर्पित संस्था की तरफ से 35 टीबी के मरीजों को सिविल अस्पताल में निशुल्क 1 महीने के लिए पौष्टिक आहार किट डिप्टी सीएमओ तरुण यादव की उपस्थिति में वितरित किया गया। ये पौष्टिक आहार कीट अगले 6 महीने तक हर महीने वितरित की जाएगी। वितरण के लिए संघ के स्वयंसेवी ममता शर्मा, राजबीर सिंह, विनोद शर्मा, बारु सिंह, सुरेश शर्मा, नरेंद्र शर्मा, विशाल शर्मा, रमेश रोहिला, आरती शर्मा, नरेश स्वामी तथा टीबी डिपार्टमेंट स्टॉफ ज्योति और उनकी टीम उपस्थित रहे।

---

# दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत (डीएलएसए), सोनीपत द्वारा आज जिला एडीआर सेंटर, सोनीपत में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायधीश एवं अध्यक्षा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत वाणी गोपाल शर्मा ने लाभार्थियों को उपकरण वितरित किए एवं उन्हें शुभकामनाएं दीं। कहा कि आइये हम सब मिलकर एक ऐसा भारत बनाएं जहां वृद्ध नागरिकों को सम्मान और दिव्यांग नागरिकों को आत्मनिर्भरता



सोनीपत। सहायक उपकरण वितरित करते न्यायधीश साथ में अन्य।

मिले। कार्यक्रम में कुल 24 लाभार्थियों को विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण जैसे व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, चलने की छड़ी, ट्राईपॉड, और अन्य आवश्यक उपकरण प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सोनीपत प्रचेता सिंह ने कहा की एक समाज की उन्ननति का मापदंड यह नहीं है की सबसे सक्षम व्यक्ति कितनी ऊंचाई तक गया है बल्कि यह है की सबसे कमजोर व्यक्ति कितनी दूर तक पहुंच पाया है।

---

**कार्यक्रम** गांवों में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया

# फसल विविधीकरण अपनाओ और ज्यादा मुनाफा कमाओ : डॉ. परमिंदर

**हमारे देश में करीब 88% लोगों के पास दो हेक्टेयर से कम जमीन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सोनीपत स्थित कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, कृषि एवं कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 9 गांवों में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया गया। वरिष्ठ जिला विस्तार विशेषज्ञ डॉ. परमिंदर मलिक ने बताया कि हमारे देश में करीब 88% लोगों के पास दो हेक्टेयर से कम जमीन है हरियाणा में 68.7 पर्सेंट किसानों के


सोनीपत। किसानों को जानकारी देते डॉ. परमिंदर मलिक। फोटो :हरिभूमि

पास दो हेक्टेयर तक जमीन है। जिसमें से लगभग 50% लोगों के पास एक हेक्टेयर तक जमीन है। डॉक्टर परमिंदर सिंह ने किसानों को उच्च कृषि आय, खाद्य सुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता के लिए फसल विविधीकरण अपनाने पर जोर दिया। किसानों को अंतर फसलचक्र ,एकीकृत कृषि वानिकी, बागवानी एकीकरण और पशुधन एकीकरण विधि अपनाने को कहा। किसानों को बताया कि अगर छोटे किसान समूह में खेती करते हैं तो उन्हें उन्नत तकनीकी, आधुनिक मशीनरी और सरकारी सहायता का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिलेगा। किसानों को बताया कि आधुनिक पोली हाउस के लिए सरकार द्वारा 2500 वर्ग मीटर के लिए 1000 प्रति वर्ग मीटर की लागत के हिसाब से 25 लाख पर सामान्य वर्ग के किसानों को 50% सब्सिडी, अनुसूचित वर्ग के लिए 85% सब्सिडी और अगर कोई अनुसूचित वर्ग का किसान जमीन पट्टे पर लेकर पॉली हाउस लगाता है तो उसे 65% सब्सिडी मिलेगी। डॉ. परमिंदर मलिक ने बताया कि जिस एरिया में पानी की समस्या है सरकार द्वारा पानी संरक्षण के लिए न्यूनतम 4 किसानों के सामुदायिक/ किसान समूह के लिए 24 लाख की लागत पर 75% अनुदान दिया जाता है। अप कृषि निदेशक डॉ. पवन शर्मा ने किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

## खबर संक्षेप



खरखौदा। गिरे ट्रांसफार्मर व खम्भे दिखाता पीड़ित किसान।

### विधायक ने विमान हादसे पर किया शोक व्यक्त

**राई।** राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने विमान हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया और हादसे में हुई जनहानि को अत्यंत दुखद और पीड़ादायक बताते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की है। विधायक कृष्णा गहलावत ने दुख जताते हुए कहा कि बहुत दुखदाई घटना है कि हादसे में बहुत लोगों की जान चले जाना, इसमें पूर्व मुख्यमंत्री का जाना पार्टी और देश को बहुत क्षति है। गहलावत ने कहा कि प्रधानमंत्री आज सारे काम छोड़ के घटनास्थल पर गए है।

### आंधी में गिरे खम्भे ठीक न होने से सिंचाई प्रभावित

**खरखौदा।** करीब 10 दिन पहले खरखौदा क्षेत्र में तेज तूफान आया था। जिसमें सेहरी गांव में एक ट्रांसफार्मर सहित कई बिजली के खंबे गिर गए थे। लेकिन अभी तक सेहरी गांव के संजय के खेतों व उसके आसपास के खेतों में बिजली लाइन को दुरुस्त नहीं किया गया है। उनका ट्रांसफार्मर व खंभे अभी भी नीचे गिरे हुए हैं। कई बार बिजली निगम के अधिकारियों को शिकायत भी दी गई है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। उनका कहना है कि उनके खेत बिजली न मिलने के कारण सिंचाई के अभाव में खेत सूख रहे हैं।

### बाइक की चपेट में आने से महिला घायल

**खरखौदा।** महिपुर गांव में एक कंपनी में काम करने के लिए जा रही महिला को बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे महिला घायल हो गई। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सलीमसर माजरा की रहने वाले रितू का कहना है कि वह महिपुर गांव में स्थित एक कंपनी में काम करती है, सुबह वह ड्यूटी पर जा रही थी। कंपनी के गेट के समाने पहुंचने पर वह सड़क क्रास कर रही थी। इस बीच एक बाइक चालक तेज रफ्तार के साथ आया और उसे टक्कर दे मार दी। जिससे उसके एक पैर में चोट आने के साथ ही अन्य जगहों पर भी चोट लगी, वहीं बाइक चालक मौके से फरार हो गया।

# डेढ़ माह से एंबुलेंस कर्मियों को नहीं मिला वेतन, लगाई गुहार

## अधिकारी ने जल्द समस्या का समाधान करने का दिया आश्वासन

कर्मचारी बोले-वेतन न मिलने के चलते उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। एंबुलेंस चालक समस्या के समाधान के लिए कार्यालय में पहुंचे कर्मचारी।

जिले में कौशल रोजगार व एनएचएम के तहत कार्यरत एंबुलेंस कर्मचारियों को पिछले डेढ़ महीने से वेतन नहीं मिला है। कर्मचारी कई बार अपने विभाग के अधिकारियों से गुहार लगा चुके है। शुक्रवार को नाराज कर्मचारी जिला स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय में पहुंचे।

जहां मामले को लेकर अधिकारी को अवगत करवाया। कौशल विभाग व एनएचएम के तहत कर्मचारी शुक्रवार को वेतन न मिलने के चलते जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. ज्योत्सना के कार्यालय में पहुंचे। जहां कर्मचारियों ने अपने वेतन व भत्ते न मिलने से संबंधित समस्याओं के बारे में अवगत करवाया। कर्मचारियों ने कहना है कि वेतन न मिलने के चलते उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है।

समय पर उन्हें विभाग की तरफ से वेतन जारी नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते उन्हें परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। एंबुलेंस चालकों ने बताया कि उनका वेतन दो हिस्सों में आता है, एक भाग केंद्र सरकार की योजनाओं के तहत और दूसरा प्रदेश सरकार की ओर से जारी किया जाता है। लेकिन पिछले डेढ़ महीने से दोनों साधन से वेतन नहीं मिला है, जिससे काफी दिक्कत हो रही है। कर्मचारियों की समस्याएं सुनने के बाद जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. ज्योत्सना ने उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द वेतन दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

# राजलू गढ़ी के कार्तिक बने फ्लाइंग अफसर, गांव का नाम किया रोशन

**गन्नौर।** राजलू गढ़ी गांव के कार्तिक राठी ने वायु सेना में फ्लाइंग आफिसर बनकर गांव का नाम रोशन किया है। कार्तिक राठी ने एफकेट परीक्षा 2024 में आल इंडिया में 76 वां रैंक हासिल किया। कार्तिक राठी अब एक साल हैदराबाद के डूंडीगल में प्रशिक्षण लेगा। बेटे की उपलब्धि से गांव राजलू गढ़ी में खुशी का माहौल है। हाल में कार्तिक राठी परिजनों के साथ सोनीपत में रहता है।

- गांव के लोगों ने अपने लाडले कार्तिक राठी को दी बधाई

कार्तिक को उनके दादा जिले सिंह राठी, सुमेर सिंह, कार्तिक की दादी मूर्ति देवी, चाचा बैंक प्रबंधक सुनील उर्फ चुन्नू, त्रिलोकचंद शर्मा, जोगेन्द्र राठी, करतार राठी, दिलाबाग राठी ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। फ्लाइंग आफिसर बने कार्तिक राठी ने बताया कि पांचवी तक की शिक्षा गन्नौर के डीएवी स्कूल में, बाहरवीं तक ब्राईट स्कोलर स्कूल सोनीपत, स्नातक किरोड़ीमल कालेज दिल्ली से की। उसके बाद यूपीएसई की तैयारी करनी शुरू की और पहली ही बार में एफकेट 2024 फ्लाइंग आफिसर की परीक्षा दी। जिसमें ही उसका चयन हुआ। कार्तिक राठी ने बताया कि अब उन्हें देश सेवा का मौका मिलेगा। अपनी सफलता का श्रेय कार्तिक राठी ने अपनी दादी मूर्ति देवी, मां रीना देवी, बैंक प्रबंधक चाचा सुनील राठी, चाची शालिनी राठी को दिया। कार्तिक ने बताया कि उनके परिवार की तरफ से उन्हें पूरा सहयोग मिला, उसकी का परिणाम है कि यूपीएसई की तैयारी करते हुए पहली ही बार दी परीक्षा में उसने बाजी मार ली।

### नेटबाल का भी होनहार खिलाड़ी



कार्तिक राठी।

कार्तिक राठी ने गत दिनों देहरादून में हुए 34 वे राष्ट्रीय खेलो में टीम में बेहतर प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीते थे। इसके साथ ही कार्तिक की बहन मध्ययप्रदेश में हुए नेटबाल खेलो में लड़कियों की तरफ से बेहतर प्रदर्शन करते हुए टीम को स्वर्ण पदक दिलाया था। अब वह मुरथल विश्वविद्यालय में स्नातक की पढ़ाई कर रही है।

### गोहाना: पहले योग का अभ्यास करवाया फिर किया पौधरोपण



गोहाना। आयुष विभाग के तत्वावधान में गांव कथूरा स्थित व्यवसायिक प्रशिक्षण संस्थान में योग शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल अनुसार गुरु-शिष्यों को योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। यह शिविर जिला आयुष अधिकारी डॉ. रामअवतार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। योग शिविर की अध्यक्षता जीआई इंचार्ज दीपक कटारिया और आयुष विभाग से डॉ. पारुल ने की। डॉ. पारुल ने कहा कि आज भागदौड़ की जिंदगी में व्यक्ति अपने स्वास्थ्य की ओर ध्यान नहीं दे पा रहा है। शिविर में योग सहायक सुनील जाटायन, विक्की, अरुण, सुनीता, बबीता और प्रोमिला का विशेष सहयोग रहा। शिविर में योग क्रियाओं का अभ्यास करने के बाद संस्थान के परिसर में पौधारोपण करके पर्यावरण स्वच्छता का संदेश भी दिया गया।

# पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों ने की बैठक, 18 को करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित यूनियन के पदाधिकारी एवं कर्मचारी।

आज हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कस यूनियन कैम्प कार्यालय की बैठक जिला मुख्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 02 तक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा एवं मीटिंग का सफल संचालन ब्रांच सचिव सुरेंद्र सिंह ने किया।

मीटिंग में विशेष रूप से प्रदेश सह सचिव सतीश कुमार रंगा और बीएण्डआर ब्रांच सचिव मोहन सिंह उपस्थित रहे। प्रदेश सह सचिव सतीश कुमार रंगा और प्रदेश प्रेस प्रवक्ता विनोद शर्मा ने बताया कि 18 जून को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परिमण्डल सोनीपत में सोनीपत जिले में कार्यरत सभी ब्रांचों के कर्मचारी प्रदर्शन करेंगे और अपनी मांगों को लेकर मांगपत्र सौंपा जाएगा। ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा ने बताया कि 18 जून को पब्लिक हेल्थ ब्रांच सोनीपत का प्रत्येक कर्मचारी रोष प्रदर्शन करने के लिए सर्कल कार्यालय सोनीपत में पहुंचेगा और ब्रांच से संबंधित समस्याओं मांगों को अधिकारियों से मौखिक और लिखित रूप से पूरी मजबूती से रख कर पूरा करवाने का काम किया जाएगा। 18 को सुशील शर्मा और दिलबाग सिंह सैकड़ों कर्मियों को लेकर संगठन में शामिल होने के लिए पहुंचेंगे। बैठक में ब्रांच कार्यकारिणी से मोहन सिंह, सुरेश नैयर, धूप सिंह, देवेंद्र, धर्मेन्द्र, दलीप, अमित, शंभू, राजबीर, सतीश, दिलबाग, सतबीर, सुंदर सिंह, रमेश, सुरेश, रणबीर, रोहतास, नरेंद्र, इंद्रजीत, सतीश कुमार आदि ने नारेबाजी की।

# विधायकों को कर्मचारियों ने सौंपा मांग पत्र समस्याओं के तुरंत हल की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के बैनर तले इकट्ठा हुए थे कर्मचारी

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन ने कर्मचारियों की लंबित और न्यायोचित मांगों को लेकर सोनीपत विधानसभा क्षेत्र के विधायक निखिल मदान और राई हलके की विधायक कृष्णा गहलावत को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिला प्रधान रमेश शर्मा की अध्यक्षता में सौंपा गया, जिसमें सरकार से कर्मचारियों की समस्याओं को तुरंत हल करने की अपील की गई। राज्य ऑडिटर जयभगवान पांचाल और राज्य प्रचार सचिव अनिल मलिक भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कुल 24 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया जिसमें कर्मचारियों की कार्य स्थिरता, वित्तीय सुरक्षा और सामाजिक कल्याण से जुड़ी विभिन्न अहम मांगों को शामिल किया गया। इस अवसर पर सोनीपत पब्लिक हेल्थ ब्रांच के प्रधान व जिला सचिव श्याम चंद, ब्रांच सचिव रवि कुमार, मुकेश बीड़ा, ओम दत्त, कर्मवीर, राजू समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे। यूनियन ने दोनों विधायकों से आग्रह किया कि वे इस ज्ञापन को हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री तक पहुंचाएं और सरकार से मांगें पूरी करवाने के लिए प्रभावी पहल करें। यूनियन ने यह भी संकेत दिया कि यदि समय रहते इन मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो राज्यस्तरीय आंदोलन का रास्ता अख्तियार किया जाएगा।

### मुख्य मांगें इस प्रकार रहीं

- कौशल कर्मियों को जॉब सिक्योरिटी दी जाए, जैसा कि सरकार ने चुनावी वादों में कहा था
- कौशल कर्मियों की सेवा स्वीकृति अवधि को 30 जून से आगे एक वर्ष के लिए बढ़ाया जाए
- हरियाणा कौशल रोजगार निगम, टर्म, अपायंटी, दैनिक भोगी, पंचायत अधीन और अन्य अस्थायी स्रोतों से लगे कर्मचारियों को 2024 अधिनियम के तहत नौकरी सुरक्षा दी जाए
- वर्ष 2020 से 2023 तक की एल.टी.सी. (छुट्टी यात्रा रियायत) दी जाए
- केंद्र सरकार के समान वेतन और भत्ते लागू किए जाएं
- 2016 से लंबित एचआरए (मकान किराया भत्ता) का भुगतान शीघ्र किया जाए
- चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नति पर एक अतिरिक्त वेतन वृद्धि (इंक्रीमेंट) दी जाए
- ड्यूटी के दौरान दुर्घटना होने पर 30 लाख तक मुआवजा व परिवार के सदस्य को नौकरी
- कैशलेस मेडिकल सुविधा पूरी तरह लागू की जाए और आश्रितों को दायरे में जोड़ा जाए
- ईएसआई से बाहर हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मियों को मेडिकल सुविधा मिले

### भागराम ट्रस्ट को रोहतक प्रशासन ने किया सम्मानित



प्रशंसा पत्र ग्रहण करते महेंद्रपाल गगनेजा।

**गोहाना।** गोहाना के भागराम ट्रस्ट को जिला रोहतक प्रशासन द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। ट्रस्ट को यह सम्मान रक्तदान करवाने व लोगों को जागरूक करने को लेकर दिया गया। भागराम ट्रस्ट द्वारा सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को गोहाना में भगवान परशुराम चौक में साप्ताहिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है। ट्रस्ट द्वारा लोगों को रक्तदान करने के लिए जागरूक भी किया जाता है और समय-समय पर पीजीआई रोहतक के रक्त बैंक का विशेष सहयोग किया जाता है। ट्रस्ट के संरक्षक महेंद्रपाल गगनेजा, अध्यक्ष उषा गगनेजा और संयोजक सुरेंद्र विश्वास हैं। सुरेंद्र विश्वास स्वयं भी स्टार रक्तदाता के सम्मान से सम्मानित हो चुके हैं। ट्रस्ट की इस उत्कृष्ट सेवा को लेकर जिला रोहतक के उपायुक्त धर्मेन्द्र सिंह द्वारा ट्रस्ट को प्रशंसा पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। ट्रस्ट की ओर से सम्मान प्राप्त करने संरक्षक महेंद्रपाल गगनेजा पहुंचे। इस अवसर पर रेडक्रॉस रोहतक के सचिव श्यामसुंदर भी उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# प्रोपर्टी आईडी अलग करने के नाम पर रुपये लेने का आरोप, वीडियो वायरल

## डिप्टी मेयर के कार्यालय में पैसे लेते हुए दिखाई दे रहा एक कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम में प्रॉपर्टी आईडी अलग करने के नाम पर रुपये लेने का आरोप लगा है। मामले को लेकर एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में कर्मी नगर निगम स्थित डिप्टी मेयर के कार्यालय में पैसे लेते हुए दिखाई दे रहा है। बाद में प्रॉपर्टी आईडी अलग कर दी जाती है। यह मामला 7 मई का बताया जा रहा है। निगमायुक्त ने जांच शुरू करा दी है। संयुक्त आयुक्त को सोमवार तक जांच रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। मोहन नगर निवासी विनोद ने शिकायत दी है कि कॉलोनी में उनके 211 गज के प्लॉट की प्रापर्टी आईडी पड़ोसी की प्रॉपर्टी पर दर्शा रखी है। इसके लेकर वह और उनके भतीजे दो माह में नगर निगम कार्यालय में चक्कर काट रहे हैं। चतुर्थ श्रेणी कर्मी के कहने पर उन्होंने एक अन्य कर्मी से बात की। आरोप है कि वह डिप्टी मेयर कार्यालय में कार्यरत हैं। आरोप है कि उन्हें 7 मई को डिप्टी मेयर के कार्यालय में बुलाकर उनसे 15 हजार लिए गए हैं। इसके बाद एक दिन में पेंडिंग प्रॉपर्टी आईडी को ठीक कर दिया।

**जांच के लिए संयुक्त आयुक्त को आदेश दिए**

नगर निगम के कर्मी का पैसे लेने के संबंध में एक वीडियो मिला है। इसकी जांच के लिए संयुक्त आयुक्त को आदेश दिए हैं। सोमवार तक जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी।

*हर्षित कुमार, निगमायुक्त, नगर निगम*

**प्रॉपर्टी आईडी से संबंध में मेरा कोई वास्ता नहीं**

प्रॉपर्टी आईडी से संबंध में मेरा कोई वास्ता नहीं है। यह वीडियो मेरे कार्यालय में पैसे लेते वक्त बनाया गया है। इस मामले में कर्मचारियों से पूछताछ करके मामले का खुलासा होना चाहिए। मामले में जिसकी संलिप्तता का पता लगे उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

*मनजीत गहलावत, डिप्टी मेयर, नगर निगम*

### खरखौदा: पानी भरने को लेकर झगड़े में कई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

गली में लगे नल पर पानी भरने को लेकर दो महिलाओं में कहासुनी हो गई। जिसकी रंजिश रखते हुए एक महिला ने अपने बच्चों व पति सहित अन्य के साथ मिलकर दूसरी महिला के घर में घुसकर हमला कर दिया। हमले में घायलों के शोर मचाने पर आरोपित भाग निकले। शिकायत पर पुलिस ने पांच के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मंडोरा के रहने वाले नरेंद्र का कहना है कि उसकी पत्नी सुदेश की परिवार की ही सदस्य गीता के साथ गली में लगे नल में पानी को लेकर कहासुनी हो गई। उसने बीच-बचाव कर दोनों का समझाया। लेकिन गीता अपने दो बच्चों साहिल, बंटी व पति हवासिंह के साथ ही एक अन्य युवक के साथ उनके घर में आ घुसे और कहासुनी की रंजिश रखते हुए उन पर हमला कर दिया। नरेंद्र का कहना है कि साहिल ने हाथ में लिए हुए धारदार हथियार से उसके सिर पर हमला किया, उनके शोर मचाने पर आरोपित उन्हें जान से मार देने की धमकी देकर फरार हो गए। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### रिश्तेदारों पर लगाया मारपीट कर घायल करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- पुलिस ने पीड़ित के बयान पर आरोपितो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत किया मुकदमा दर्ज

मुरथल थाना क्षेत्र में युवक से मारपीट कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। मारपीट का आरोप पीड़ित ने रिश्तेदारों पर लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितो को नामजद कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गांव मुरथल भाडापान निवासी सन्नी कुमार ने बताया कि वह अपने दादा राज सिंह की देखभाल के लिए मुरथल में उनके साथ रह रहा है। रविवार सुबह करीब 9:30 बजे वह घर पर मौजूद था, तभी उसका चाचा जोगिंद्र उर्फ सोनू, उसकी पत्नी सीमा, दूसरा चाचा वीरेंद्र और वीरेंद्र की पत्नी ज्योति वहां आ गए और गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर सभी ने डंडों और लात-घूंसों से उस पर हमला कर दिया।

बीच-बचाव करने आए दादा राज सिंह के साथ भी आरोपितों ने पीटा। जाते-जाते आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## ठेकेदार का कारनामा: नपा में कितनी गुणवता के होते हैं, इससे लगाया जा सकता है अनुमान

# कच्ची मिट्टी को ही समतल कर टाईल लगाकर बना दी गली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। कच्ची मिट्टी में ही टाईले बिछाते हुए नगरपालिका ठेकेदार के मिस्त्री। फोटो: हरिभूमि

नगरपालिका द्वारा भले ही शहर में गुणतवा युक्त बेहतर निर्माण सामग्री से गलियां निर्माण के दावे किए जा रहे है लेकिन इसकी अधिकारियों का गंभीरता का आप इससे अनुमान लगा सकते है। नगरपालिका के वार्ड 10 लल्हेड़ी रोड पर गली बनाए जाने के कई महीने बाद जब गली निर्माण कार्य की पैमेंट भी हो गई। उसके बाद गली के आसपास के लोगों गली निर्माण कार्य की पोल खोली। लोगों द्वारा बनाई गई वीडियों में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि जिस गली निर्माण में गली बनाने के दौरान टाईल बिछाने से पहले पत्थर व अन्य सामग्री डालनी होती है। उस गली में बिना कोई सामग्री डाले हुए कच्ची मिट्टी को ही समतल कर टाईल बिछा दी और टाईल को इस तरह से बिछाया कि कोई अनुमान नही लगा सकता कि सीमेंट की टाईल कच्ची मिट्टी को समतल करके बनाई गई है। लोगों ने रोष व्यक्त करते हुए एसडीएम से कार्रवाई करने की मांग की है।

### कार्रवाई की जाएगी: एसडीएम

एसडीएम प्रवेश कादियान ने बताया कि गली निर्माण में भारी कोताही बरतने के मामले में जांच करवाई जाएगी और कोताही मिलने पर निर्माण एजेंसी का लाईसैंस रद करने की कार्रवाई के अलावा संबधित विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### ठेकेदार ने की मनमानी

निर्माण में भारी कोतही बरतने के मामले में नाम न छापने पर लोगों ने बताया कि जब गली बन रही थी तो बताया जा रहा था कि अगर कच्ची मिट्टी में टाईल बिछाने का विरोध किया तो टाईल गली में नही बिछेंगी। काम भी बंद हो जाएगा। ठेकेदार नपा अधिकारियों से आशीर्वाद लेकर काम कर रहा है।

### उनके जो संज्ञान में ही नहीं, गली कौन सी है : एमई

नगरपालिका के एमई ने मिट्टी पर टाईल बिछाने का मामला देख बताया कि गली बने हुए कई महीने हो गए है। ठेकेदार ने लापरवाही बरती है तो उसको ठीक करवाया जाएगा।